# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान अब से कुछ देर पहले हुआ शुरू। प्रदेश की आठ सीटों पर हो रहा मतदान। इस चरण में चुनाव मैदान में हैं इक्यानबे उम्मीदवार।
- चौथे चरण के लिए प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर नामांकन हुआ समाप्त। कन्नौज सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव और खीरी सीट से अजय मिश्र टेनी ने दाखिल किया नामांकन।
- पांचवें चरण के लिये आज जारी होगी अधिसूचना। तीन मई तक दाखिल किये जा सकेंगे नामांकन पत्र। बीस मई को होगा मतदान।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आगरा, बरेली और शाहजहांपुर में जनसभा को किया संबोधित।
- प्रदेश में गर्मी और लू का सिलसिला जारी। कई जिलों में अधिकतम तापमान पहुंचा चालीस डिग्री सेल्सियस के पार।

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों– अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। दूसरे चरण के मतदान से एक करोड़ सड़सठ लाख से ज्यादा मतदाता इक्यानबे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। हमारे लखनऊ संवाददाता सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया–

***आम चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के 17704 मतदान केंद्रों पर आज सुबह मतदान शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हो गया। ये सभी आठ सीटें राज्य के पश्चिमी और ब्रज क्षेत्रों में हैं। इसमें अमरोहा, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ, मेरठ, बुलन्दशहर, मथुरा और बागपत शामिल हैं। इन 8 सीटों में से 2019 में अमरोहा को छोड़कर 7 सीटें बीजेपी को मिलीं थीं, वहीं अमरोहा में बसपा के दानिश अली ने विजयी हुए थे। इस बार वह इसी सीट से कांग्रेस–समाजवादी पार्टी गठबंधन से चुनाव लड़ रहे है। एक और जहां सभी की निगाहें मथुरा और मेरठ सीटों पर होंगी जहां फिल्म स्टार हेमा मालिनी और अरुण गोविल अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, वहीं बागपत एक ऐसी सीट है जहां 4 दशकों के बाद चौधरी चरण सिंह परिवार के बाहर से कोई चुनाव लड़ रहा है। इस सीट पर रालोद प्रत्याशी राजकुमार सांगवान का सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी और बसपा प्रत्याशियों से है। आज जिन 8 सीटों पर मतदान हो रहा है वहां 10 महिलाओं समेत कुल 91 उम्मीदवार मैदान में हैं।***

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर कल नामांकन समाप्त हो गया। नामांकन के अंतिम दिन कन्नौज संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव मौजूद रहे। नामांकन के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि मैंने राजनीति की शुरुआत कन्नौज से की थी। कन्नौज के लोगों के सम्मान और विकास के लिए सदैव काम करूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने यहां के विकास को अवरुद्ध करने का काम किया है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि शाहजहांपुर में इंडिया गठबंधन से सपा के टिकट पर ज्योत्सना गौड़ चुनाव लड़ेंगी। इस सीट पर सपा से पहले राजेश कश्यप ने नामांकन किया था। इसके बाद पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप की करीबी रिश्तेदार ज्योत्सना गौड़ ने भी नामांकन दाखिल कर दिया था। खीरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सांसद अजय मिश्र टेनी ने कल नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने कल लखीमपुर खीरी समेत इटावा और कानपुर देहात में रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यूपी में पहले के शासनकाल में भ्रष्टाचार के मामले होते थे लेकिन अब योगी सरकार पर कोई उंगली नहीं उठाता।

उन्होंने कहा कि एनडीए शासन के दौरान हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में बहुत सारे विकास कार्य हो रहे हैं। वहीं बसपा समन्वयक आकाश आनंद ने भी कल आज़मगढ़ और वाराणसी में राजनीतिक रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। इससे जनता हताश है। लोग इस सरकार से ऊबकर देश को नया नेतृत्व देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस पार्टी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने कल लखनऊ में पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा का शासनकाल अन्याय काल के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को कांग्रेस पर आरोप लगाने की बजाय अपने दस साल के शासनकाल का रिपोर्ट कार्ड देना चाहिए।

चौथे चरण के नामांकन पत्रों की जांच आज होगी, 29 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इस चरण में 13 सीटों शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच जिलों में 13 मई को वोट डाले जायेंगे।

**********

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए अधिसूचना आज जारी हो जायेगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर चुनाव होगा। इसमें मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा शामिल हैं। इन 14 सीटों में 10 सीटें सामान्य और मोहनलालगंज, जालौन, कौशाम्बी और बाराबंकी की सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों पर उम्मीदवार 3 मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को होगी। उम्मीदवार 6 मई तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों के लिए मतदान 20 मई को होगा।

**********

लोकसभा चुनाव के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार जोर–शोर से चल रहा है। सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के लिये सम्बन्धित लोकसभा क्षेत्रों में मतदाताओं से मतदान की अपील कर रहे हैं। इसके लिये रैलियों, जनसभाओं और रोड–शो के आयोजन किये जा रहे हैं। घर–घर जाकर मतदान की अपील भी की जा रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आगरा, बरेली और शाहजहांपुर में जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने आगरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नियमित रूप से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और सामाजिक न्याय के विचार का अपमान करती है, यही कारण है कि वे धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन का आधार तुष्टीकरण है।

बरेली जिले के आंवला क्षेत्र में बदायूं और आंवला लोकसभा के पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा गठबंधन की नजर आम आदमी की संपत्ति पर है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस ने परिवारवाद को बढ़ावा दिया है।

शाहजहांपुर में आयोजित जनसभा में पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हमारे लिये युवा, गरीब, किसान और नारी शक्ति पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में अपना एक–एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने का काम करेगा। उन्होंने सभी से निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की।

**********

बहुजन समाज पार्टी ने कल अपने लोकसभा प्रत्याशियों की आठवीं सूची जारी कर दी। इस सूची में पार्टी ने रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव, अम्बेडकरनगर से कमर हयात अंसारी और बहराइच सुरक्षित सीट से बृजेश कुमार सोनकर को प्रत्याशी बनाया है।

**********

गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने दिल्ली और अन्य रूटों पर आठ समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मऊ – आनंद विहार टर्मिनस–मऊ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन मऊ से 28 अप्रैल से, बरौनी–बांद्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 27 अप्रैल से कटिहार–वडोदरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 27 अप्रैल, से तथा छपरा–आनंद विहार टर्मिनस–छपरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन 27 अप्रैल से किया जाएगा।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। गोरखपुर और उसके आसपास के अधिकांश जिलों में बीते एक सप्ताह से तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया जा रहा है। भीषण गर्मी के कारण लोगों का जन–जीवन प्रभावित होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी और लू का यह क्रम फिलहाल जारी रहेगा। विभाग ने अगले तीन दिन तक अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान के चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक होने का पूर्वानुमान जताया है। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों का समय बदल दिया गया है। अब कक्षा एक से आठवीं तक के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगे।

**********